सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष


www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-253, पृष्ठ : 12 | सोमवार, 24 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का इंजन

## यूपी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर भाजपा मना रही उत्सव, सीएम ने जारी की पुस्तिका

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार के 8 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और उनके विजनरी नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार के 8 साल पूरे हुए हैं। मैं उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं।'



**8 साल पहले यूपी में अराजकता का तांडव था: सीएम योगी**

सीएम योगी ने कहा, '8 साल पहले यूपी में अराजकता का तांडव था और पहचान का संकट था। सरकार बदलते ही सब कुछ ठीक हो गया। पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था। बेटियां और कारोबारी असुरक्षित महसूस करते थे। पहले किसान आत्महत्या करते थे। अब सब ठीक हुआ है। अब कृषि के क्षेत्र में यूपी अव्वल है। हमने किसानों के हितों का ध्यान रखा है।'

**सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 साल पूरे हुए: सीएम योगी**

सीएम योगी ने कहा कि यूपी देश की अर्थव्यवस्था का इंजन है। सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 साल पूरे हुए हैं। यूपी की जनता ने हमें आशीर्वाद दिया है। आज यूपी देश के विकास को एक नई दिशा दे रहा है। डबल इंजन की सरकार में यूपी में विकास हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में देश का सबसे बड़ा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर है। हमने 2 लाख 16 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती करवाई है। ज्ञात हो कि योगी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर यूपी भाजपा उत्सव मना रही है। इसकी शुरूआत सोमवार से हो गई। यह उत्सव 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा। इसके तहत भाजपा प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों के साथ जनसंवाद करेगी। इस क्रम में जिला स्तर पर कार्यशालाएं होंगी। सीएम ने कहा कि बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई के लिए दी जाने वाली 25 हजार की सहायता राशि से हजारों बेटियां लाभान्वित हो रही हैं।

## डंपर ने तीन कारों को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

**देहरादून।** राजधानी में बड़ा हादसा हुआ है। डोईवाला में लच्छीवाला टोल प्लाजा पर बड़ा हादसा हुआ है। खनन सामग्री से लदे एक ट्रक ने टोल पर खड़ी कार को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक और वहां खड़े पोल के बीच में दब गई। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जया बलूनी ने बताया कि देहरादून-हरिद्वार हाईवे पर लच्छीवाला टोल प्लाजा पर डंपर ने तीन कारों को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर बचाव अभियान चलाकर वाहनों में फंसे लोगों को निकालने का काम कर रही है।

## नागपुर हिंसा के मुख्य आरोपी के घर पर चला बुलडोजर



**नागपुर।** हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर के अवैध हिस्से को जमींदोज कर दिया गया है। नगर निगम अधिकारियों ने सोमवार को इसे ध्वस्त कर दिया। फहीम खान पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। नोटिस के बाद भी उसने अवैध ढांचे को नहीं हटाया। वह अल्पसंख्यक लोकतांत्रिक पार्टी (एमडीपी) का नेता भी है। फहीम खान महाराष्ट्र के नागपुर शहर में 17 मार्च को हुई हिंसा के लिए गिरफ्तार किए गए 100 से अधिक लोगों में शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, कुछ दिन पहले नागपुर नगर निगम ने उसे नोटिस जारी किया था। इसमें कई खामियों और घर के लिए बिल्डिंग प्लान की मंजूरी न होने का हवाला दिया गया था। जानकारी के मुताबिक, घर यशोधरा नगर इलाके में संजय बाग कॉलोनी में स्थित है। घर फहीम खान की पत्नी के नाम पर पंजीकृत है।

## जंगल में चार-पांच आतंकियों की घेराबंदी, तलाशी अभियान जारी



**जम्मू।** भारत पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर हीरानगर के सन्याल गांव के पास जंगल में चार से पांच आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेर लिया। रविवार शाम से इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई। एक बच्ची भी गोली लगने से घायल हुई है। हालांकि कल शाम छह बजे से गोलीबारी बंद है, लेकिन सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर रखा है। सेना ने इसे ऑपरेशन सन्याल नाम दिया है। सुबह होते ही सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिर शुरू कर दिया है।

रविवार शाम करीब पांच बजे सन्याल के ढोलका से सटे जंगली इलाके में लकड़ियां लेने गए दंपती ने सबसे पहले आतंकियों को देखा। आतंकियों ने उन्हें बंधक बनाने का प्रयास किया। हालांकि दोनों मौके से जान बचाकर भाग निकले। इसके बाद उनकी सूचना पर एसओजी ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। घेराबंदी देखते ही आतंकियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिसका सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। उधर, सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ ने पहुंचकर पूरे जंगल को घेर लिया। इलाके में ब्लैकआउट कर दिया गया। शाम छह बजे से गोलीबारी रुकी है।

## 'ऐसी कॉमेडी बर्दाश्त नहीं, कुणाल कामरा माफी मांगें'

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर टिप्पणी करना भारी पड़ गया है। उनके खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। शिवसैनिकों में आक्रोश है। वहीं महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी कुणाल कामरा को चेतावनी दी है। सीएम फडणवीस ने कहा कि स्टैंड-अप कॉमेडी करने की आजादी है, लेकिन वह जो चाहे बोल नहीं सकते। महाराष्ट्र की जनता तय कर चुकी है कि गद्दार कौन है। कुणाल कामरा को माफी मांगनी चाहिए। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



शिंदे पर टिप्पणी मामले में फडणवीस की दो टूक




# बहुत शातिर है योगेश

## कई दिनों पहले ही लिख ली थी हत्याकांड की स्क्रिप्ट

**सहारनपुर।** सांगाठेड़ा गांव में तीन बच्चों को मौत के घाट उतारने वाला आरोपी बाप योगेश पिछले कई दिनों से साजिश रच रहा था। वह खुद को मानसिक रूप से बीमार दिखाने की भी कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों को बताया था कि वह सहारनपुर में किसी डॉक्टर के पास भी गया। जब उससे डॉक्टर का नाम पता पूछा गया तो वह इधर-उधर देखने लगा।



जघन्य हत्याकांड के बाद जो बातें सामने आ रहीं हैं कि उससे साफ लग रहा है कि आरोपी योगेश पिछले कई दिनों से साजिश कर रहा था। पुलिस ने उसके पास से एक पिस्टल, 10 जिंदा कारतूस, चार खोखे और एक कारतूस नाल में फंसा हुआ बरामद किया। सवाल यह है कि योगेश के पास लाइसेंसी पिस्टल थी, लेकिन इतनी संख्या में कारतूस क्यों रखे हुए थे। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही उसने कारतूस खरीदे थे।

आसपास के लोगों के सामने भी खुद को इस तरह दर्शाता था जैसे मानसिक रूप से बीमार हो। उसके साथ अन्याय हो रहा है। ग्रामीणों की मानें तो वह कुछ दिन पहले सहारनपुर में एक मानसिक रोग विशेषज्ञ के पास भी गया था। हालांकि जब उससे पर्चा मांगा गया था तो वह नहीं दिखा सका। यहां तक कि डॉक्टर का नाम और पता भी नहीं बता पाया। इन सभी तथ्यों को जोड़कर देखा जाए तो उसकी साजिश सामने आ रही है।

नेहा की बहन रश्मि और रीना ने बताया कि योगेश बीते तीन महीनों से नेहा को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। वह नेहा पर झूठे और अनर्गल आरोप लगाकर उसे मानसिक रूप से तोड़ने की कोशिश कर रहा था। नेहा निर्दोष है। योगेश को इस निर्दयता की सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

वहीं, नेहा की मां बालेश ने कहा कि योगेश को जितना जल्दी हो सके फांसी पर लटका दिया जाना चाहिए या फिर इन बच्चों की तरह ही कनपटी पर पिस्टल लगाकर गोली मार दी जाए। तब इसे दर्द का अहसास होगा और बच्चों की आत्मा को शांति मिलेगी।

**जिंदगी के लिए मौत से लड़ रही नेहा**

चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती नेहा की हालत गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने उसे वेंटिलेटर पर रखा है। नेहा के सिर में भी गोली मारी गई है। ऐसे में उसके सिर का काफी हिस्सा डैमेज हुआ है।

# आरटीई: आज होगा सीट अलॉटमेंट

## चार चरणों में मिले थे 3.34 लाख आवेदन

**लखनऊ।** प्रदेश में निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत चल रही प्रवेश प्रक्रिया में सीट अलॉटमेंट की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है। अभिभावकों के मोबाइल फोन पर सीट अलॉटमेंट की जानकारी दी जाती है। कई अभिभावक सूचना न मिलने से परेशान हैं। आरटीई के तहत प्रदेश के लिए चार चरणों में आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। तीन चरणों का सीट अलॉटमेंट कर प्रवेश दिलाया जा रहा है। इसके बावजूद कई अभिभावक भटक रहे हैं। क्योंकि बच्चे को सीट अलॉट हो गई, लेकिन अभिभावक को इसकी जानकारी नहीं हुई।



अभिभावकों ने बताया कि आवेदन करते समय साइबर कैफे वाले अपना फोन नंबर डाल देते हैं। इससे मैसेज उनको नहीं मिल पाती है। वहीं, कोई और ऐसा माध्यम नहीं है, जिससे सीट अलॉटमेंट की जानकारी मिल सके। इसके लिए अभिभावक बीएसए कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। तो वहां के कर्मचारी भी यह कहकर टरका देते हैं कि सीट अलॉटमेंट की जानकारी ऑनलाइन देखने का अधिकार सिर्फ बीएसए को है। जब वह आएंगे तो सीट अलॉटमेंट के बारे में पता चलेगा। इसलिए अभिभावक सीट अलॉटमेंट की जानकारी ऑनलाइन करने की मांग कर रहे हैं।

वहीं, समग्र शिक्षा के उप निदेशक डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि बड़ी संख्या होने के कारण सीट अलॉटमेंट की सूचना ऑनलाइन नहीं की जाती है। संबंधित अभिभावक या बच्चे अपना परिणाम ही देख सकते हैं। अभिभावकों को मोबाइल फोन पर सीधे मैसेज जाता है। जिला स्तर पर डाटा देखने का अधिकार बीएसए व राज्य स्तर पर हमारे पास है। अगर संबंधित बच्चे को अपनी दूसरी प्राथमिकता पर प्रवेश लेना है तो बीएसए कार्यालय में संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। आरटीई के तहत अधिकाधिक बच्चों के दाखिले के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

**चार चरणों में मिले 3.34 लाख आवेदन, आज होगा अलॉटमेंट**

आरटीई के तहत इस साल चार चरणों में आवेदन लिए गए। दिसंबर से अब तक चार चरणों में 3.34 लाख आवेदन मिले हैं। इनमें से तीन चरणों में 2.17 लाख आवेदन स्वीकृत हुए और 1.57 लाख बच्चों को सीट अलॉट की गई है। चौथे चरण के आवेदनों का सत्यापन किया जा रहा है, सीट अलॉटमेंट 24 मार्च को होगा।

# अहमदाबाद के पास बुलेट ट्रेन रूट पर बड़ा हादसा; 25 ट्रेनें रद्द

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद और मुंबई के बीच बन रही बुलेट ट्रेन परियोजना के रूट पर रविवार रात भीषण हादसा हो गया। यहां निर्माण कार्य के दौरान सेगमेंटल लॉन्चिंग गैंट्री फिसलकर रेलवे लाइन पर गिर गई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। इसके चलते कम से कम 25 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। इतना ही नहीं 15 अन्य को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया। साथ ही पांच ट्रेनों को रिशेड्यूल किया गया है और छह के रूट डायवर्ट किए गए हैं।

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने इस हादसे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रविवार को रात करीब 11 बजे ये हादसा अहमदाबाद-मुंबई रूट पर वटवा में हुआ। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन इससे रेल यातायात प्रभावित हुआ है। अहमदाबाद डिवीजन के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे लाइन को दोबारा सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रूट को साफ किया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी पहले से ही पुलिस और अग्निशमन सेवा अधिकारियों के साथ मौके पर हैं।

# केदारनाथ धाम में तीन फीट से अधिक बर्फ जमी

**उत्तरकाशी।** केदारनाथ में बर्फ से कई कैंपों को व्यापक क्षति पहुंची है। धाम में अभी तीन फीट से अधिक बर्फ है और पूरा मंदिर परिसर बर्फ से ढका हुआ है। यहां आए दिन मौसम खराब होने और ज्यादातर समय बादल छाए रहने के कारण बर्फ नहीं पिघल रही है जिससे आगामी यात्रा तैयारियों को लेकर संशय बना हुआ है।



मार्च माह के पहले और दूसरे सप्ताह में केदारनाथ में भारी बर्फबारी हुई थी। साथ ही यहां हर दूसरे और तीसरे दिन बर्फबारी हो रही है जिससे धाम में अभी तीन फीट से अधिक बर्फ है। धाम में मंदिर मार्ग से लेकर मंदिर परिसर और अन्य पूरा क्षेत्र बर्फ से ढका है। यहां भवनों की छतों पर बर्फ की मोटी परत जमी है।

इन हालातों में आगामी 2 मई से शुरू हो रही यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू करना मुश्किल बना है। यात्रा शुरू होने में अब 39 दिन ही रह गए हैं। दूसरी तरफ केदारनाथ में बर्फ से पुनर्निर्माण कार्य से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के कैंप को भी क्षति पहुंची है। दो दिन लोनिवि के कर्मचारी पैदल मार्ग से जैसे-तैसे केदारनाथ पहुंचे तो देखा कि वहां एमआई-26 हेलिपैड के ऊपरी तरफ कार्यदायी संस्थाओं के कैंप क्षतिग्रस्त पड़े हैं।

बताया जा रहा है कि कई कार्यदायी संस्थाओं के कैंपों को ज्यादा क्षति पहुंचा है। कैंप कार्यालय व आवास भवनों की छतें बर्फ से टूटी पड़ी हैं। लोनिवि के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि केदारनाथ में बर्फबारी से कार्यदायी संस्थाओं के कैंप को व्यापक क्षति पहुंची है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# इजरायल के हमलों से फिर दहल गया गाजा

**दीर अल-बलाह।** इजरायल की ओर से गाजा में लगातार अटैक किए जा रहे हैं। अब इजरायली सेना ने दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े अस्पताल हमला किया है। इजरायल की ओर से किए गए इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय जानकारी देते हुए बताया कि इजरायल की तरफ से किए गए हमलों के बाद अस्पताल में भीषण आग लग गई। इससे पहले दक्षिणी गाजा पट्टी में हुए इजरायली हमलों में हमास के एक बड़े नेता समेत कम से कम 26 फलस्तीनी मारे गए थे।



गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि यह हमला खान यूनिस शहर में नासेर अस्पताल पर किया गया। इजरायल की ओर से पिछले सप्ताह हवाई हमलों के साथ गाजा में दोबारा जंग शुरू किए जाने के बाद इस अस्पताल में बड़ी संख्या में मृतकों और घायलों को लाया गया था। इजरायल की सेना ने अस्पताल पर हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला वहां सक्रिय हमास के आतंकवादियों के खिलाफ किया गया है। इजरायल आम नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराता है। उसका कहना है कि हमास के आतंकवादी घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं जिसके कारण हमलों में आम नागरिकों की मौत होती है। इससे पहले, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया था कि इजरायल-हमास जंग में 50,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि युद्ध में अब तक 1,13,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इनमें वो 673 मृतक भी शामिल हैं जो पिछले सप्ताह युद्ध विराम समाप्त होने के बाद इजरायल की तरफ से किए गए हवाई हमलों में मारे गए हैं। मृतकों में 15,613 बच्चे शामिल हैं, जिनमें से 872 की उम्र एक वर्ष से कम थी।

इजरायल और हमास के बीच जंग सात अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी, जब हमास के लड़ाकों ने दक्षिणी इजरायल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और 250 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इजरायल सैन्य कार्रवाई कर रहा है जो लगातार जारी है।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

सोमवार, 24 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



# तीन दिन का संघर्ष...तब वापस हो सका एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

एनएनआई

**मथुरा।** जैंत क्षेत्र के गांव बाटी प्रकरण में छटीकरा-राधाकुंड रोड स्थित सीताराम आश्रम के परिसर में रविवार को आयोजित सवर्ण समाज की महापंचायत में ये निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। महापंचायत में पहुंचे गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह को फर्जी मुकदमा खत्म किए जाने की मांग संबंधी ज्ञापन भी दिया। विधायक ने डीएम व एसएसपी के संज्ञान में मामला लाकर कार्रवाई खत्म कराने का भरोसा भी दिया। लोगों ने मांग पूरी न होने पर 27 मार्च को डीएम कार्यालय पर विरोध प्रर्दशन की चेतावनी भी दी।

श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष कन्हैया ठाकुर ने कहा कि प्रशासन ने एक तरफा कार्रवाई कर अन्याय किया है। इस अन्याय को खत्म कराने के लिए सवर्ण समाज एड़ी चोटी का जोर लगा देगा। कौशल किशोर महाराज ने कहा कि सवर्णों पर अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा। यशवीर सिंह राघव ने कहा कि 42 सवर्णों पर दर्ज मुकदमा वापस नहीं हुआ तो जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। अटल सिसोदिया, छाया गौतम, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष किशन सिंह ने भी कार्रवाई की निंदा की। अध्यक्षता चौमुहां चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा व संचालन रामजीलाल ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा से सुजान सिंह, दिवाकर सिंह, डॉ. नवल सिंह, पंकज गौतम, राम तोमर, मुकेश सिंह, विष्णु सिंह, दुर्गपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



गांव बाटी में होली पर रंग लगाने को लेकर दो पक्षों में पथराव हो गया था। इसमें एक पक्ष से 8 लोग घायल हुए। एक पक्ष से अनुसूचित जाति के 32 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। इसमें से 9 को पुलिस ने पकड़ लिया। कार्रवाई के विरोध में 7 दिन बाद अनुसूचित जाति के लोगों ने कलेक्ट्रेट के पास धरना दिया। इसके बाद पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट, छेड़छाड़ सहित 12 धाराओं में 42 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इसी के विरोध में सवर्ण समाज ने महापंचायत की।



# 175 वर्ष पुराने रथ में विराजमान होकर निकले भगवान रंगनाथ

एनएनआई

**मथुरा।** वृंदावन में लगभग 175 वर्ष पुराने चंदन से निर्मित 60 फीट ऊंचे रथ में विराजमान होकर भगवान रंगनाथ भक्तों को दर्शन देने निकले। प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच ठाकुर रंगनाथ भगवान को श्री देवी और भूदेवी संग पालकी में विराजित कर ज्योतिष गणना अनुसार मेष लग्न में रथ यात्रा प्रारंभ की गई।

जैसे ही सात कूपे का धमाका और काली के स्वर ने रथ खींचने का संकेत दिया, तभी भक्तों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। श्री रंगनाथ भगवान की जय-जयकार से सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। विशाल रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भक्तों की टोली भजन-कीर्तन करती हुई ठाकुरजी के रथ के साथ चल रही थी। रथ यात्रा मध्याह्न में बड़ा बगीचा पहुंची, जहां भगवान को विश्राम दिया गया। इसके बाद पुनः रथ को मंदिर की ओर प्रस्थान कराया गया। रथ घर पहुंचने पर ठाकुरजी को पुनः पालकी में विराजित कर शुक्रवार बगीची में ले जाया गया, जहां भगवान को शीतलता प्रदान करने हेतु रंगीन फव्वारे चलाए गए। ठाकुरजी के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ पड़े। भक्तों में विशालकाय रथ खींचने की होड़ मच गई।

# राहुल के खिलाफ दाखिल मामले में सुनवाई आज

## मानहानि का दाखिल हुआ था परिवाद

एनएनआई

**हाथरस।** जिले की एसीजेएम, एमपी/एमएलए कोर्ट दीपक नाथ सरस्वती के न्यायालय में लोकसभा सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दाखिल हुआ था। इस मामले में न्यायालय में परिवादी के बयान हो चुके हैं। इसकी सुनवाई 24 मार्च को होना नियत है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि थाना चंदपा क्षेत्र के एक गांव निवासी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से परिवाद दाखिल किया था। इसमें कहा है कि न्यायालय के निर्णय के बावजूद भी वोट की राजनीति के लिए जातिगत विद्वेष के लिए अकारण 12 दिसंबर 2024 को उन्होंने गांव बूलगढी का दौरा किया था। राहुल गांधी ने मृत मुद्दे को पुनर्जीवित करने को जानबूझकर परिवादी को समाज में अपमानित किया। चारित्रिक हनन के उद्देश्य से अवैधानिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया था।

आरोप है कि उन्होंने न्यायालय के निर्णय 2 मार्च 2023 के पूर्ण ज्ञान एवं जानकारी होने के बावजूद न्यायालय से दोष मुक्त हुए युवकों को गैंगरेप का आरोपी बताया था। इस मामले में न्यायालय से दोष मुक्त हुए रामकुमार उर्फ रामू की ओर से दाखिल परिवाद में कहा है कि देश की जनता का न्यायालय एवं देश की न्यायिक व्यवस्था में पूर्ण विश्वास है। वह एक सक्षम न्यायालय के गुण दोष पर निर्णीत निर्णय के सहारे एक सामान्य जिंदगी जी रहा था।

न्यायालय के निर्णय के बाद जनसाधारण में परिवादी को खोया हुआ सम्मान पुनः प्राप्त हो गया था। राहुल गांधी का पोस्ट सोशल मीडिया पर संपूर्ण देश में, विदेश में वायरल हुआ। इससे परिवादी की प्रतिष्ठा सम्मान जो परिवादी ने अपने संघर्ष एवं लंबी कानूनी प्रक्रिया से न्यायालय से दो वर्ष से अधिक की जेल की यातना के उपरांत प्राप्त की थी।

राहुल गांधी की गैर जिम्मेदाराना, अवैधानिक, अमर्यादित, असम्मानजनक, अपमानजनक पोस्ट से एक बार पुनः तार तार हो गई। जिसने भी इस पोस्ट को पढ़ा, सब की निगाहों में परिवादी निर्दोषिता के निर्णय के बावजूद भी अपराधी बन गया। न्यायालय में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल परिवाद में परिवादी रामकुमार उर्फ रामू के बयान हो चुके हैं। न्यायालय में इस मामले में 24 मार्च की तिथि नियत की है।

# भैंस को पकड़ने दौड़े किशोर की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**फिरोजाबाद** एनएनआई। ट्रेन की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। दुर्घटना शनिवार शाम ढोलपुर के पास हुई। ट्रेन की चपेट में आने से किशोर का शव क्षत विक्षत हो गया था। परिजन उसे खोजते हुए रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और शव लेकर घर चले गए। पुलिस पहुंची तो केवल हाथ का टुकड़ा मिला। जांच करते हुए पुलिस किशोर के घर पहुंची। परिजन ने पोस्टमार्टम से इन्कार किया है।आलमपुर, जारखी निवासी अवधेश कुमार का 16 वर्षीय बेटा रघु शनिवार को घर पर था। तभी उसकी भैंस खूंटा तोड़कर भागने लगी। इस पर रघु ने भैंस का पीछा किया। भैंस भागते हुए रेलवे ट्रैक पर आ गई। इसी दौरान भैंस पकड़ने के चक्कर में रघु ट्रेन की चपेट में आ गया। कुछ देर बाद परिजन खोजते हुए पहुंचे तो उसका क्षत-विक्षत शव ट्रैक पर पड़ा मिला। शव लेकर चले गए। सूचना पर लाइनपार पुलिस पहुंची। पुलिस को ट्रैक पर कटा हुआ हाथ मिला। जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# फिरोजाबाद में 7 करोड़ का बनेगा नया थाना रामगढ़

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। शहर में थाना रामगढ़ का नया भवन 7 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। सोमवार को इस भवन का शिलान्यास शहर विधायक मनीष असीजा, डीएम रमेश रंजन और एसएसपी सौरभ दीक्षित ने किया।

नए भवन में पुलिस कर्मियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं। तीन मंजिला भवन में अधिकारियों के लिए कार्यालय कक्ष बनेंगे। इसके अलावा बंदियों के लिए हवालात, हथियार रखने के लिए शस्त्रागार और पुलिसकर्मियों के लिए मैस की सुविधा होगी। विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग कक्ष भी बनाए जाएंगे।

शहर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य



वातावरण मिले, इसके लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। नए भवन के निर्माण की जिम्मेदारी यूपीपीसीएल को दी गई है। शिलान्यास कार्यक्रम में महापौर कामिनी राठौर भी मौजूद रहीं।

# रात के अंधेरे में हो रहा विकास

- अर्जुन नगर मानकों को ताक पर बनाया जा रहा सीसी नाला निर्माण
- ठेकेदार और इंजीनियर की मिली भगत से की जा रही धन की बर्बादी





एनएनआई

**आगरा।** स्मार्ट सिटी में ठेके दार भी स्मार्ट हो गए हैं। दिन में विकास पकड़ में न आए, इसलिए रात के अंधेरे में विकास कराया जा रहा है। लाखों रुपए नाला बनाने के नाम पर 'नाले' में बहाए जा रहे हैं। मानकों को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से काम कर रहे ठेकेदार की शिकायत क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम के अलावा नगर विकास मंत्री से की है।

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत नाले नालियों का निर्माण कार्य के नाम पर अधाधुंध तरीके से धन की बर्बादी की जा रही है। अर्जुन नगर शाहगंज में जल भराव से निजात पाने के लिए नाला निर्माण कराया जा रहा है। आलिया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा 38 लाख रुपए की लागत से सीसी नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इंजीनियर और ठेकेदार की मदद सरकारी धन को नाले में बहाया जा रहा है। मजेदार बात यह है कि नाला पास दूसरी तरफ हुआ है और बनाया दूसरी तरफ जा रहा है।

आरोप है कि नाला निर्माण सामग्री भी घटिया किस्म की इस्तेमाल की जा रही है। ठेकेदार और इंजीनियर अपनी करतूतों को छिपाने के लिए दिन के उजाले में काम कराने के बजाए रात के अंधेरे में काम कराने को तरजीह दे रहे हैं।

### अवैध तरीके से बनाया जा रहा नाला

अर्जुन नगर मे नाला निर्माण अवैध तरीके से किया जा रहा है। जिस जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए इसका निर्माण किया जा रहा वह मकसद पूरा होता नहीं दिख रहा है। आगे जाकर नाला बंद हैं। नाले को लेकर न्यायालय में चल रहा केस रेलवे जीत चुका है तो फिर नाला निर्माण कैसे किया जा रहा है। दूसरे आगे नाला बंद होने से जलभराव की समस्या बरकरार रहेगी।

### दबंगई से कर रहे काम

ठेकेदार और इंजीनियर दबंगई से मानकों के विपरीत काम कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने इस सम्बन्ध में एतराज जताया तो ठेकेदार का कहना था कि काम तो हमारे तरीके से ऐसे ही होगा। कहीं भी शिकायत कर लो, कुछ नहीं होगा। पैसा ऊपर तक पहुंचाता हूं।

## हुक्का बारों पर पुलिस के लगातार छापे

एनएनआई

**ताजगंज।** पुलिस रेस्टोरेंट मे हुक्का पिलाने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। शनिवार देर रात ताजनगरी फेस टू के मालिक्यूल एयरबार रूफ टाप रेस्टोरेंट पर पुलिस ने छापा मारा। मौके से दस हुक्के,पाइप और अन्य सामान बरामद किया गया। मैनेजर समेत दस कर्मचारियों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार को आरोपितों को थाने से जमानत देकर छोड़ दिया गया। प्रतिबंधित होने के बाद भी तमाम रेस्टोरेंट,कैफे और डांस पबों में फ्लेवर्ड तंबाकू के हुक्के ग्राहकों को परोसे जाते हैं। पिछले कई दिनों से ताजगंज पुलिस ऐसे प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर रही है। शनिवार को बसई चौकी के प्रभारी नीरज कुमार



हुक्का पिलाए जाने की सूचना पर फोर्स के साथ मालिक्यूल रूफ टाप पहुंचे। अंदर काफी युवक और युवतियां हुक्का पीते दिखे। मौके से पुलिस ने दस हुक्के और दस पाइप जब्त किए।

एसीपी सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि रूफटाप के मैनेजर सुमित कुमार, कर्मचारी अरुण, अंकित, प्रवीन, योगेश, आकाश, राजा, अर्जुन, सतीश और आदित्य, को हिरासत में लिया गया। चौकी प्रभारी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तेज आवाज में संगीत बजा कर माहौल खराब करने और बीमारी फैलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे कार्रवाई जारी रहेगी। एसीपी सैयद अरीब अहमद ने बताया कि अब तक आठ हुक्काबारों पर कार्रवाई कर 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में हुक्के और अन्य सामान बरामद हुआ है।

## किसानों ने एसडीओ ऑफिस गेट पर दिया धरना

एनएनआई

**एत्मादपुर।** बिजली विभाग की मनमानी और बकाया बिल वसूली के नाम पर नलकूप उपभोक्ता किसानों का उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाते हुए सिस्टम सुधार संगठन के क्षेत्रीय कार्यकताओं का स्थानीय उप केंद्र पर आज सुबह तीसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन जारी रहा। धरना समाप्त कराने के लिए कल दोपहर दो बजे से रात दस बजे तक विद्युत विभाग के अलावा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने भी प्रयास किए, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।

उप खंड अधिकारी (विद्युत) कार्यालय पर शुक्रवार से सिस्टम सुधार संगठन के कार्यकर्ता अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर के नेतृत्व में अपनी मांगों को मनवाने के लिए बेमियादी धरना-प्रदर्शन पर बैठे हैं। कल दोपहर



उप खंड अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह राजपूत और अवर अभियंता गगन गुप्ता ने धरना समाप्त कराने को काफी देर तक प्रदर्शनकारियों को मनाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद रात्रि आठ बजे एसडीएम आरके चौधरी भी पहुंचे। उनके साथ एसडीओ, जेई के अलावा नायब तहसीलदार हेमंत कुमार और पुलिस इंस्पेक्टर विजय विक्रम सिंह, एसआई नरेंद्र सिंह और पवन कुमार यादव भी थे। अधिकारियों ने दो घंटे बैठकर गहनता से सुलह वार्ता की। लेकिन धरना-प्रदर्शन करने वाले अपनी जिद पर अड़े रहे। उपखंड अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना पर बैठे लोगों के लिए रात बारह बजे राजू हलवाई (संवाईं) गैस के चूल्हा पर पूड़ी सब्जी बनाते मिले। सिस्टम सुधार संगठन के अध्यक्ष अंशुमन ने आरोप लगाया कि गढ़ी पृथ्वी निवासी योगेश कुमार सिंह के निजी नलकूप का बिल 31 मार्च 2023 तक जमा है। इसके बाद सरकार ने किसानों के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा कर रखी है। इसके बावजूद 3 मार्च को विभाग ने बकाया बिल वसूली को नोटिस भेज दिया है। 20 मार्च को किसान अधिकारियों के पास आया तो उसकी समस्या का समाधान किए जाने के बजाए अभद्रता कर भगा दिया गया।


### वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन


## कृष्ण के अग्निवाण से धू-धूकर जला अत्याचारी कंस



एनएनआई

**एत्मादपुर।** प्राचीन कंस मेला में भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की परंपरागत कंस बध झांकी शोभायात्रा गाजे-बाजे संग धूमधाम से निकाली गई। अत्याचारी कंस मामा का बध करने निकले भ्राताओं पर मार्ग में जगह-जगह श्रद्धावनत नर-नारियों ने पुष्प बरसाए और आरती उतारी। अंत में श्रीकृष्ण के अग्निवाण से कंस का प्रतीक पुतला धूं-धूंकर जल मरा।

नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय प्राचीन कंस मेला में दूसरे दिन रात्रि सात बजे श्रीकृष्ण-बलराम की परंपरागत कंस बध झांकी शोभायात्रा का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा.सुरेश चंद्र कुशवाह और अधिशासी अधिकारी रवि यादव द्वारा सभासदों संग फीता काटकर किया गया। शोभायात्रा के खंदौली रोड पहुंचने पर श्रीकृष्ण के स्वरूप ने प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन कर कंस का बध किया। संपूर्ण शोभायात्रा मार्ग में आयोजक मंडल का जोशीला स्वागत किया गया। मेला अधिकारी रवि यादव ने बताया कि आज रात्रि नौ बजे से राजकीय आदर्श विद्यालय के मैदान में दो दिवसीय जबाबी लोक रसिया गायन मुकाबला आरंभ होगा। कल दोपहर दो बजे से इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।



## पुलिस ने मुठभेड़ में बदमाश दबोचा

**आगरा** एनएनआई । चोरी लूट और नकबजनी जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। थाना जगदीश थाना जगदीशपुरा पुलिस ने पथोली बिचपुरी मार्ग पर हुई मुठभेड़ के दौरान बदमाश को गोली मारी। पैर में गोली लगने के बाद बदमाश को पकड़ लिया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़ा गया बदमाश थाना अछनेरा क्षेत्र का रहने वाला है राजू है। जगदीशपुरा व अन्य थानों में राजू के खिलाफ 32 मुकदमे दर्ज हैं।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI
हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
## अपना आगरा

सोमवार, 24 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



# शहीद हेमू कालानी को दी श्रद्धांजलि

### 102वें जन्मदिवस पर गूंजे अमर शहीद के जयकारे

- तहसील चौराहे के प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण का मेयर ने लिया जायजा

एनएनआई



**आगरा।** अमर शहीद हेमू कालानी का 102वां जन्मदिन बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी युवा मंच व पूज्य सिंधी जनरल पंचायत शाहगंज की ओर से तहसील चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही तहसील चौराहा स्थित शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा स्थल व आसपास किए गए सौंदर्यीकरण का लोकार्पण करते हुए मेयर हेमलता दिवाकर ने आयोजन समिति व वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत भोजवानी के प्रयासों की सराहना की।

अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान को याद करते हुए महापौर हेमलता दिवाकर ने कहा कि आज के युवाओं को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए। वहीं कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने वीर सपूत हेमू कालानी के साथ ही अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। इससे पूर्व तहसील चौराहा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और मिठाई बांटी गई। वक्ताओं ने वीर शहीद से जुड़े प्रसंगों को सुनाया और भावी पीढ़ी को उनसे सीख लेने की अपील की। अमर शहीद भगत सिंह को भी याद किया।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम में शहीद हेमू कालानी की गिनती उन अमर शहीदों में होती है, जिन्होंने अपने बलिदान से युवाओं में देश की स्वाधीनता का बिगुल बजाया। उन्होंने स्वराज सेना का गठन कर अंग्रेजों को ललकारा। हथियारों से लदी अंग्रेजी की रेलगाड़ी को पटरी पर उतारने की कोशिश में उन्हें गिरफ्तार किया गया। महज 19 साल की उम्र में अंग्रेजों ने 21 जनवरी 1943 को उन्हें फांसी दे दी।

मुख्य अतिथि डीएम अरविंद बंगप्पा मलारी, केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल रहे। उद्घाटन कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व महापौर हेमलता दिवाकर ने किया। सोमनाथ धाम के मठाधीश पीर डॉ. शंकरनाथ योगी, संत दीदी भगवंती साजनानी पंडित भूपेंद्र शर्मा का सानिध्य रहा। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी, महामंत्री हेमंत भोजवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्यामदास देवनानी, परमानंद अतवानी, पंचायत के अध्यक्ष जयप्रकाश धमानी, युवा मंच के अध्यक्ष नरेश लखवानी, डॉ. रामबाबू हरित, राहुल चतुर्वेदी, मीनाक्षी वर्मा, अनुराग उपाध्याय, कार्यक्रम संयोजक चिम्मन पेरवानी, सह संयोजक हरीश टहिल्यानी, सुशील नोतनानी, महेंद्र खंडेलवाल, मीनाक्षी वर्मा, प्रदीप उपाध्याय, दिनेश अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन पंचायत व युवा मंच शाहगंज के संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी हेमंत भोजवानी ने किया।

# रक्तदान कर इस मानव जीवन को बचाने में करें सहयोग



- जो खून किसी के काम ना आए तो वो खून नहीं वो पानी है

एनएनआई

**आगरा।** क्षत्रिय सभा दयालबाग रविवार को शहीद दिवस पर अपने अमर शहीद स्वतंत्रता सैनानियों (शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरू) को याद करते हुए व स्व. अर्जुन सिंह चौहान पूर्व अध्यक्ष स्मृति में स्थान शिवबाला हॉस्पिटल, निर्भय नगर, गैलाना रोड, आगरा पर स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन समर्पण ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि मा. राजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक, फतेहाबाद भाजपा के प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में क्षत्रिय सभा दयालबाग के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परमार, जिला अध्यक्ष क्षत्रिय सभा अनिल कुमार सिंह चौहान, दिनेश कुमार सिंह, विजयपाल सिंह एडवोकेट, डॉ. राम लखन सिंह राठौड़, डॉ. विश्वदीप सिंह, डॉ. गौरव, आरपी सिंह , विनोद परमार , धर्मेंद्र जादौन, रामकिंकर भदौरिया, राजवीर सिंह चौहान, धर्मेंद्र चौहान, विक्रम सिंह राघव, पूर्व पार्षद विवेक तोमर, जय सिंह मधु, मुन्ना सिंह भदौरिया, राम प्रकाश जादौन, विक्रम सिंह राणा, डॉ. रामप्रकाश सिकरवार, डॉ. विष्णु पाल सिंह, डॉ. अखिलेश चौहान, मंजू चौहान, मनीषा चौहान अमित प्रताप सिंह चौहान, विवेक परमार, अजीत परमार, गजेंद्र तोमर, सुबल खान, जितेंद्र सेंगर शालिनी सेंगर, सुधीर यादव, मोनू यादव, ज्योति सचदेवा सहित 103 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तवीरों को संस्था व ब्लड बैंक की तरफ से प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट किया गया व सभी को शुभकामनाओं सहित धन्यवाद अर्पित किया गया।

# भाजपा आगरा महानगर ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को किया नमन




एनएनआई

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में भारत मां के वीर सपूतों शहीद ए आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर नूरी दरवाजा पर वैचारिक गोष्ठी आयोजित की और उपस्थित कार्यकताओं ने भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। राजकुमार गुप्ता ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए तीनो के मर मिटने के जज्बे से पूरे देशवासियों को सदेव निडर निर्भीक होकर मातृ भूमि की रक्षा करने की प्रेरणा मिलती है। रोहित कत्याल ने कहा कि आज के युवाओं को भगत सिंह की जीवनी पड़कर अपने जीवन को राष्ट्र के लिए समर्पित करने का व्रत लेना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, शैलू पंडित, रोहित कत्याल, टी एन चौहान, मनमोहन कुशवाह, बंटी धाकड़, आदित्य अग्रवाल, कुशल गोयल, अजय पंडित आदि उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता के बाद शासन का रुख बदलाः डॉ. लोहिया

**आगरा (एनएनआई)।** समाजवादी पार्टी फतेहाबाद रोड आगरा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा एवं महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार की अध्यक्षता में डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती जिला आगरा कार्यालय पर मनाई गई। श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि राममनोहर लोहिया ने स्वतंत्रता के बाद अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया। डॉ. लोहिया मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थे। वह चाहते थे कि व्यक्ति-व्यक्ति के बीच कोई भेद, कोई दुराव और कोई दीवार न रहे। संचालन जिला महासचिव सुरेन्द्र चौधरी ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव ममता टपलू, हरिमोहन राजपूत लोधी, मधुकर अरोरा, बलविंदर जाटव, पवन प्रजापति, विनय अग्रवाल,पप्पू यादव, नरेन्द्र यादव, जितेन्द्र चक, पंकज कसाना, अखिलेश यादव, निर्वेश शर्मा, प्रदीप सिंह, शिवपाल यादव, वेद प्रकाश चौधरी, सोमेश गुप्ता मौजूद रहे।




# सिंधी कॉलोनी की बनेगी सड़क, किया उद्घाटन



एनएनआई

**आगरा।** अशोक नगर उपस्थित सिंधी कॉलोनी की सड़क के निर्माण के कार्य का प्रारंभ धर्मेंद्र सिंह उज्रेई के प्रधान एवं क्षेत्रीय पार्षद बद्री प्रसाद माहौर ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के कार्य के समय सूरज शर्मा, रामनाथ गौतम, राघवेंद्र सिकरवार, कपिल भार्गव, गोपाल सिंह, प्रदीप कुमार (बोनी), विशाल भार्गव, बालानी, जगदीश कुशवाह,पवन प्रजापति, लखन कुमार, हेमंत, लवयांश, हिमांशु,संजय लहरी, सुनील शर्मा, विनोद दिवाकर, मनीष जादौन, दिनेश कुमार यादव, प्रांशु चौधरी, अभय सिंह, यश शर्मा उपस्थित रहे।

# उपहार में दें सर्वाइकल कैंसर का वैक्सीन, आगे आएं सामाजिक संगठन

## 36वां यूपीकॉन का समापन, पब्लिक फोरम में 200 महिलाओं ने कराया रजिस्ट्रेशन




एनएनआई

**आगरा।** यूपीकॉन-2025 में पब्लिक फोरम का आयोजन किया गया। गर्भधारण से पहले से लेकर प्रसव तक और एनीमिया, सर्वाइकल, ब्रेस्ट कैंसर, इन्फेक्शन के लक्षण से लेकर बचाव तक की जानकारी उपलब्ध कराई गई।

9-15 वर्ष के बीच बेटियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन अवश्य लगवाएं। कम उम्र में सिर्फ दो डोज से काम चल जाता है और ज्यादा असरदार भी रहती है। सभी कैंसर में सिर्फ सर्वाइकल कैंसर ही है जिसकी बैक्सीन उपलब्ध है। संभव है जल्दी ही सरकारी अस्पतालों में भी इसकी सुविधा उपलब्ध हो।

यूपीकॉन-2025 आयोजन समिति की सचिव डॉ. रिचा सिंह ने कहा कि गर्भधारण से पहले भी सावधानी व केयर की जरूरत होती है। अन्यथा जटिलताएं बढ़ सकती हैं।

मुख्य अतिथि एफमेक के अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि जागरूकता ही स्वस्थ रहने का सबसे बेहतर तरीका है। स्वास्थ्य के प्रति भ्रांतियों से भी लोगों को बचना चाहिए। संचालन डॉ. आरती मनोज ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से एके सिंह, डॉ. विशाल चौहान, डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, आयोजन समिति की डॉ. शिखा सिंह, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. मोहिता पैंगोरिया, सीमा सिंह, डॉ. पूनम यादव, डॉ. रचना अग्रवाल, डॉ. मीनल जैन, डॉ. उर्वशी, डॉ. अनु पाठक, डॉ. अभिलाषा यादव, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, डॉ. रुचिका गर्ग, डॉ. सुमन, डॉ. सविता त्यागी, नीलम सिंह, नमिता शिरोमणी, दिव्या यादव, आशा, संगीता, सुमन आदि उपस्थित थीं।

प्लास्टिक प्रदूषण पर काम कर रही जनरल सर्जन डॉ. मीता कुलश्रेष्ठ ने कहा प्लास्टिक की खूबियां आज हमारे लिए अभिशाप बन गए हैं। माइक्रो और नेनो प्लास्टिक के रूप में किसी न किसी तरह हर रोज प्लास्टिक अपने अंदर ले रहे हैं। हमारे फेफड़ों, रक्त, त्वचा और शरीर के हर हिस्से में पहुंच चुका है।

पद्मश्री डॉ. उषा शर्मा ने सफल कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा हमारा उद्देश्य देश की हर महिला को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करना है। आयोजन समिति की सचिव डॉ. रिचा सिंह ने बताया कि कार्यशाला में देश भर से 800 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। लगभग 200 रिसर्च पेपर व पोस्टर प्रस्तुत किए गए।

# शोषण मुक्त समाज की स्थापना को कर्तव्यों की जानकारी जरूरी



- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने आयोजित किया क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग सेमिनार

एनएनआई

**आगरा।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से जिला आगरा (ब्रज प्रांत) का क्षेत्रीय अभ्यास वर्ग सेमिनार का आयोजन फतेहाबाद रोड स्थित विजी क्राफ्ट रॉयल बैंकट किया जा रहा है। शुरूआत लघु उद्योग निगम अध्यक्ष राकेश गर्ग, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री लाखन सिंह, पार्षद मुरारी लाल गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। ब्रज प्रांत अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बताया कि कार्यकताओं को अपने पूरे वर्ष की कार्य योजना बनानी चाहिए। जब भी हम नई कार्य योजना बनाए तो पहले उसे सबके समक्ष रखे। शोषण मुक्त समाज की स्थापना करने के लिए सबसे पहले हमें अपने कर्तव्यों को जानना होगा। जिलाध्यक्ष मुरारी लाल गोयल ने बताया कि कार्यकर्ता को मिला हुआ पद केवल अधिकार जमाने के लिए नहीं होता बल्कि अपने दायित्वों को पूर्ण करने के लिए दिया जाता है। पांच सत्रों में आयोजित अभा ग्राहक पंचायत के सेमिनार में ब्रज, मेरठ एवं उत्तराखंड प्रांत के सैकड़ों पदाधिकारी शामिल हुए। वक्ताओं ने अभ्यास वर्ग में पदाधिकारियों को अभ्यास करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आशा सिंह, सुमन गोयल, सतेंद्र पाठक, बनवारी लाल अग्रवाल, हरिओम गोयल, मयंक खंडेलवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, अशोक बाबू अग्रवाल, रोहित ज्ञानी मौजूद रहे।

# मासूमियत भरी प्रतिभा पर दर्शक हो गए मोहित



- किडजी मानस नगर स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हे मुन्नों ने बिखेरे खुशियों के रंग

एनएनआई

**आगरा।** ओस की बूंदें, निर्मल मन और पापा के सपनों के साथ आकाश में उड़ने की चाहत। सरलता-मासूमियत से भरी नन्हे-मुन्नों की प्रतिभा देखकर अभिभावकों के चेहरे पर बिखरी खुशी देखने लायक थी। सूरसदन में आयोजित किडजी मानस नगर स्कूल के वार्षिकोत्सव में उत्साह व उमंग के साथ नन्हें-मुन्नों ने समान अधिकार की मुद्दा भी उठाया। नाट्य मंचन से समझाने का प्रयास किया। लड़के और लड़की में भेदभाव न करें। विभिन्न प्रांतों की संस्कृति को समेटे भारत के सतरंगी रंग भी थे कार्यक्रम में। शुभारंभ मुख्य अतिथि शाश्वत राज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सभी अतिथियों का स्वागत स्कूल के निदेशक विनय सिंघल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। नन्हें- मुन्नों ने देखो इन्हें ये ओस की बूंदे...जैसी प्रस्तुति के माध्यम से अपने मासूम दिल में छिपे बड़े-बड़े सपनों को उजागर किया। स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित करने के साथ बेस्ट बॉय परफार्मर जियांश जादवानी और बेस्ट गर्ल परफोर्मर अनायरा वर्मा को प्रदान किया गया। इस अवसर पर सेंटर हेड अनुपम कक्कड़, जैशान कक्कड़, लवी सिंघल, महेन्द्र प्रताप सिंह, शालू सिंघल आदि उपस्थित थीं।



# सविता समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



एनएनआई

**आगरा।** सविता सैन नन्द महासभा की ओर से होली मिलन समारोह और वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन रोहता की गढ़ी स्थित हनुमान मंदिर बगीची में किया गया। शुरूआत मुख्य अतिथि गौरव नन्द, अध्यक्षता डॉ. कल्याण सिंह, संत शिवानंद महाराज और जिला पंचायत सदस्य हरिकृपाल सिंह ने की।

संस्थापक चंद्रभान सिंह समाधिया ने बताया कि चलो गांव की ओर थीम पर सविता समाज ने अपना होली मिलन समारोह गांव में अपनों के बीच मनाया है। समाज के पचास बुजुर्गो का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। आगामी चुनावो में गाँवो से भी युवा राजनितिक भागेदारी करे। अपने संख्या बल के आधार पर चुनाव में उतर कर समाज को मजबूत करे। सभी ने एक दूसरे को माथे पर चन्दन लगा कर होली मिलन समारोह का आनंद लिया। धन्यवाद जितेंद्र सविता ने दिया। इस अवसर पर देवेंद्र सविता, श्याम सुन्दर वर्मा, मुकेश मिठवली, डॉ गोपाल सिंह, विसंभर दयाल, विष्णु वर्मा, राजू आदि मौजूद रहे।

# होली मिलन में बिखरे भक्ति के रंग

## समाज सेवा में अग्रणी 100 अग्रबंधुओं को किया गया सम्मानित

एनएनआई



**आगरा।** अग्रवाल महासभा के होली मिलन समारोह में गुलाल के साथ श्रीराधा-कृष्ण की भक्ति के रंग बिखरे। रादा-कृष्ण के जयकारों संग महाराजा अग्रसेन के जयकारे भी खूब गूंजे। फूलों की होली और वृन्दावन की मंडली के भक्तिमय फाग गीतों पर मस्ती, उत्साह और उमंग में हर सदस्य डूबा नजर आया। इस अवसर पर समाज सेवा में अग्रणी 100 अग्रबंधुओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत माते पर चंदन लगाकर व पटका पहनाकर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुरेश चंद गर्ग, उद्घाटनकर्ता रंजना बंसल, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, डीसीपी अभिषेक अग्रवाल, अध्यक्ष कान्ता प्रसाद अग्रवाल, महामंत्री विष्णु बिहारी गोयल ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलिक कर किया गया। वृन्दावन की मंडली द्वारा फूलों की होली और मयूर नृत्य ने बाजे बरसाना में नगाड़ा, होली आई रे..., श्याम ए सखी रे मोर बनके..., गजब कर गई हाय ब्रज की राधा... जैसी प्रस्तुतियों से हर तरफ राधा-कृष्ण की भक्ति छायी नजर आई। महासभा के सदस्यों के परिवारीजनों द्वारा भी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं गईं। सुरेश चंद गोयल ने इस अवसर पर कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़े और समाज सेवा में अग्रणी रहें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष रामरतन मित्तल, उपमहामंत्री कुलवन्त मित्तल, राजकुमार गुप्ता, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेन्द्र बंसल, डॉ. मंजु बंसल, वीरेन्द्र कुमार गोयल, अनिल अग्रवाल, सुभाष चंद्र गर्ग, बृजेश अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, डॉ. संतकुमार मंगल, अशोक कुमार गोयल, गोपाल, गजेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चंद अग्रवाल, फूलचंद बंसल, बीएन अग्रवाल, उमेश गोयल, अनीता अग्रवाल, देबेन्द्र बंसल, हेमलता अग्रवाल आदि उपस्थित थीं।

# होली मिलन में खेली लठ्ठमार होली

एनएनआई




**आगरा।** माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद् के तत्वाधान में आगरा महिला मण्डल द्वारा होली मिलन का आयोजन अमित गुप्ता सर्राफ स्मृति नगर, नवरंग भवन विजय नगर में आयोजित किया गया। संयोजिका नीरा दिनेश गुप्ता ने बताया कि आगरा के सभी महिला मंडलो की महिलाओ ने होली मिलन समारोह में एक दूसरे को चन्दन और गुलाल लगा कर होली खेली। समाज की कमजोर वर्ग की महिलाओ को असहाय सहायता और छात्र-छात्राओं को छात्रवृति प्रदान की। जिसे पाकर उनके चेहरे खुशी से खिल उठे।

सह संयोजक शालिनी दिनेश गुप्ता ने बताया कि समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सभी महिला मंडलों के द्वारा फूलो की होली व लठ्ठमार होली एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महिलाओ के साथ-साथ पुरुषो ने भी खूब आनंद लिया। धन्यवाद मंडलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने दिया। इस अवसर पर बाबू रोशन लाल,श्री भगवान रेपुरिया,, मंडल संरक्षक विनोद सर्राफ, मंत्री अचल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, दिनेश चंद्र गुप्ता , अनिल गुप्ता, अवनीशकंत गुप्ता, शोभा सुधीर गुप्ता, अनुराधा मनोज गुप्ता, संगम मुकेश गुप्ता, विनीता विमल गुप्ता, रमा राकेश गुप्ता, पद्मा राधामोहन रैपुरिया, रघुनाथ प्रसाद गुप्ता ,कुलदीप गुप्ता, वीरेंद्र ट्रांसपोर्ट दिनेश गुप्ता, निशा, शकुंतला, शशि, प्रीती, अंजलि, श्रुति, कल्पना, अलका, संध्या मौजूद रहे।

# अनुभव निधि आश्रम में खेली गई होली

एनएनआई

**आगरा।** अनुभव निधि आश्रम के 55 सदस्यों ने ट्रस्ट के सदस्यों संग उत्साह व उमंग के साथ वार्षिकोत्सव व होली उत्सव मनाया। परिवारीजनों ने छोड़ दिया तो क्या आश्रम में मान सम्मान और खुशियों से भरा नया संसार बन गया। हाथरस रोड उजरई स्थित अनुभव निधि आश्रम में आज चौथे वार्षिकोत्सव, होली मिलन समारोह व सहभोज का आयोजन किया गया। विधि विधान के साथ आयोजित यज्ञ में ट्रस्ट के सदस्यों संग आश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने वैदित मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुण्ड में आहूति दी। फूलों की होली खेली और राधा-कृष्ण के भक्तिमय भजनों के आनन्द में डूबे नजर आए।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह व विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

समिति के सभी सदस्य ने वृद्धजनों संग हवन में भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय खन्ना, सचिव गोविन्द प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुरारीप्रसाद अग्रवाल ने सभी वृद्धजनों को होली की खुभकामनाएं दीं और उन पर फूल बरसाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से संतोष गुप्ता, योगेन्द्र सिंघल, डॉ. राधेश्याम जी, उमेश अग्रवाल, ताराचंद मित्तल, एसके अग्रवाल, रमेश त्यागी आदि उपस्थित थीं।

# श्रीजी सरकार मित्र मंडल ने मनाया होली मिलन समारोह

**आगरा** एनएनआई। श्रीजी सरकार मित्र मंडल द्वारा नरीपुरा स्थित भोले बाबा मैरिज होम में होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। शुभारम्भ मंडल अध्यक्ष मनीष वर्मा ने खाटू श्याम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सभी ने एक दूसरे को चन्दन का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और मंडल को आगे तक ले जाने पर भी विचार विमर्श हुआ। समारोह में मनीष वर्मा, नितिन कुशवाह, नवीन कुशवाह, मृदुल वार्ष्णेय, सुमित बंसल, सुशील कुमार, शिवम वर्मा, प्रवेंद्र प्रताप सिंह, कमल गोपाल, प्रीति सिंह, सौरभ श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।





# होली मिलन में गोस्वामी समाज की कार्यकारिणी हुई गठित

**आगरा** एनएनआई। गोस्वामी समाज सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। गोस्वामी समाज के संस्थापक बंगाली गोस्वामी, संरक्षक सुभाष गोस्वामी, लल्लू गोस्वामी, राजपाल गोस्वामी ने समाज का अध्यक्ष का चुनाव कराया जिसमें आनंद गोस्वामी को सर्व सहमति से अध्यक्ष चुना गया। आनंद गोस्वामी ने गोस्वामी समाज का उत्थान के लिए प्रण लिया। सर्व सहमति से कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें राजकुमार गोस्वामी को महामन्त्री, कोषध्यक्ष अभय गोस्वामी, उपाध्यक्ष भरत गोस्वामी, पवन गोस्वामी, कार्यालय प्रभारी संजय गोस्वामी, मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र गोस्वामी को बनाया गया।

# होली मिलन पर हुआ 108 वेदीय दीप महायज्ञ

एनएनआई

**आगरा।** अखिलविश्व गायत्री परिवार जिला आगरा द्वारा होली मंगल मिलन एवं 108 वेदीय दीपमहायज्ञ खंदारी क्षेत्र के जवाहरनगर गायत्री चेतनाकेन्द्र में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

देवपूजन पावनजन्मभूमि आंवलखेड़ा के व्यवस्थापक श्री जितेन्द्र कुमार द्विवेदी, आँवलखेड़ा जोन समन्वयक जे एस कुशवाहा, श्री उमेश कुलश्रेष्ठ, उपजोन समन्वयक सुरेश यादव एवं गायत्री शक्तिपीठ आँवलखेड़ा के दीनदयाल जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 350 भाई-बहिनों ने भाग लिया। होली के गीत भजन एवं फूलों की वर्षा के साथ होलिमिलन समारोह हुआ। 108 वेदीय गायत्री महायज्ञ पूजन के लिए 108 थालियों में दीपक, रोली, चावल, पुष्प एवं



गंगाजल रखा गया।

समस्त विश्व के उज्वल भविष्य एवं मानव जाति के कल्याण के साथ गायत्री मन्त्र तथा महामृत्युंजय मंत्र की आहुतियां प्रदान की गई।कार्यक्रम में सतयायु प्राप्त वरिष्ठतम बी एस बांगड़, जनपद की शक्तिपीठों के व्यवस्थापक कैलाश चन्द्र, श्रीकृष्ण मिश्रा, एस के द्विवेदी, एस के कौशल, श्रीकृष्ण शर्मा, श्रीमती विमलेश भदौरिया, जिला की विभिन्न समितियों के सुरेन्द्र शर्मा, एम एम शर्मा, सुरेश अग्रवाल, हरिओम मंगल, विजय बंसल, के के पाण्डेय, चेतनाकेन्द्र जवाहरनगर परिव्राजक सत्येन्द्र सिंह, सुमन सिसौदिया, बैजनाथ, प्रतीक्षा आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्था अरुणकुमार साहू, जिला समन्वयक सुरेश चन्द्र सक्सेना एवं गिरधार गोपाल, यतेंन्द्र कुमार चौहान, अरविन्द श्रीवास्तव ने संभाली।

# किसान करेंगे आंदोलन

## रायभा में चार घंटे तक चली किसानों की महापंचायत में सर्वसम्मति से लिए गए फैसले

एनएनआई

**अछनेरा।** गांव रायभा में रविवार को 31 सदस्यी संघठन द्वारा किसानों की महापंचायत का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि गंगा जल प्रोजेक्ट के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें मंडरा रहीं हैं। किसान इसे लेकर दर दर भटक रहे हैं। किसानों की मदद के लिए 31 संगठनों ने पंचायत में भाग लेकर किसानों की परेशानियों को लेकर अधिकारीयों तक पहुंचाने का जिम्मा उठाया है। मुख्य रूप से किसानों ने 5 सूत्रिय मांगें रखी।

किसानों के अनुसार अधिग्रहित जमीन का सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा मिले, संघर्ष समिति चार अप्रैल को आगरा मंडलायुक्त को प्रकरण से अवगत कराएंगी, अधिग्रहित भूमि पर किसान फसल उगायेंगे, प्रभावित किसान अधिग्रहित भूमि की सहमति नहीं देंगें। महापंचायत किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह की अगुवाई में सम्पन्न हुई। युवा नेता हरी बघेल ने कहा कि किसानों की लड़ाई को आरपार तक लड़ा जायेगा, गांव गांव जाकर किसानों की पंचायत कर




इकठ्ठा किया जायेगा। पंचायत की अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक प्रमुख ज्ञान सिंह सिकरवार व संचालन संयुक्त रूप से हेत सिंह बघेल व सत्यवीर चाहर ने किया। पंचायत को भारतीय किसान यूनियन के (टिकैत) के मण्डल अध्यक्ष रणवीर चाहर, जिलाध्यक्ष राजवीर लवानियां,सावित्री चाहर, किसान नेता श्यामसिंह चाहर,भारतीय किसान मजदूर यूनियन (धीरज) युवाध्यक्ष धीरज सिकरवार, चौधरी पुष्पेंद्र सिंह,केशव बघेल, राजवीर उपाध्याय, सिस्टम तो सुधरेगा के अध्यक्ष नीरज शर्मा, रवि शर्मा प्रधान, डॉ सूरजपाल सिंह, नरेश सिकरवार, अवधेश सोलंकी, बाबूलाल प्रधान, गंगाराम माहौर सभासद, सत्यपाल सिंह दीवान सिंह प्रधान, विशम्बर सिंह ,दाताराम लोधी, राम खिलाडी कुशवाह, वीरेंद्र फौजी, गजाधर फौजी, रामकुमार सिकरवार, सुरेन्द्र सिकरवार, दिनेश सिकरवार, शौकीन खान, राजा धनगर, राजीव ठाकुर, दीक्षा शर्मा, भूपेंद्र इंदौलिया, गजेंद्र इंदौलिया आदि सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# रिक्शे से कैला देवी दर्शन को निकला इटावा का मजदूर परिवार



एनएनआई

**बाह।** सूरज की तल्खी के बीच चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है की गूंज....... रविवार की दोपहर जसवंतनगर (इटावा) के कैथ गांव के मजदूर महाराज सिंह रिक्शे से अपने परिवार के साथ कैला देवी के दर्शन के लिए बढ़े चले जा रहे थे। जय माता दी के घोष के साथ बाह में रुके, पूछे जाने पर बोले कि मंडी में रिक्शे पर सब्जी ढोकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। पत्नी चंपा देवी, बेटे नितिन, धेवते अंशुल, करन को कैला देवी के दर्शन कराने के लिए रिक्शे से ले जा रहे हैं। उनका रिक्शा भी देवी भक्ति के रंग में रंगा है। माता के दरबार में पहुंचने के लिए संगीत का पूरा साजो सामान लेकर निकले हैं। आस्था की डगर पर इटावा के अलावा जैतपुर, बाह क्षेत्र से कोई पैदल निकला है, तो कोई रिक्शा लेकर। झंडों से सजे वाहन पर लाउडस्पीकर लगे थे, जिस पर माता के भजन और लांगुरिया बज रहे थे। पैदल जाने वाले अपने साथ पीठ पर थैला और उस पर लाल झंड़ा लेकर निकले हैं।

# पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला

एनएनआई

**अछनेरा।** दहेज में कार एवं 5 लाख रुपये न देने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं बेटी की फरियाद लेकर आई उसकी बुजुर्ग मां से भी मारपीट की। वहीं, मारपीट के दौरान हाथ एवं सिर में चोट आई है। अछनेरा थाना पुलिस ने पहले दोनों पक्षों का राजीनामा कराने का प्रयास किया लेकिन पुलिस के सामने दोनों पक्षों में मारपीट हो गई तो पुलिस ने पीड़ित के पति एवं उसके जीजा को पुलिस ने थाने में बंद कर दिया।लेकिन 5 घंटे थाना में बैठने के बाद शाम करीब 9 बजे पुलिस ने राजीनामा कराया लेकिन घर पहुंचने के बाद फिर मारपीट हो गई पीड़ित महिला ने ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दे दी। अछनेरा पुलिस ने विगत रात करीब 12 बजे इस मामले पति समेत 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अंगूठी निवासी राखी वी पुत्री बनीर राना ने शिकायत पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 5 मार्च 2024 को शिवनरेश पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी रसूलपुर सदर से हुआ था। शादी के दौरान स्वजन ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार सोने चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान दिए थे।

आरोप है कि इससे उसके पति शिवनरेश, सासू जशोदी देवी, ननद रेनू, ननदोई धर्मेंद्र उर्फ भोला निवासी नगला बीच थाना किरावली एवं नंदोई का भाई दीना पर पीड़ित राखी ने समझौता होने के बाद मारपीट की एवं घर की अलमारी में सोने के सामान गायब कर दिए।जब मैने अपने सामान के बारे में पूछा तो मुझे और मेरी मां से मारपीट की।

पीड़ित राखी ने बताया मेरे ननदोई धमेंद्र ने मुझे समझौता कराने को लेकर अकेले में ले जाकर छेड़छाड़ शुरू कर दी मैने विरोध किया तो मुझसे कहने लगा कि समझौता करना है तो मेरे साथ घर के कमरे में चल या किसी होटल में अन्यथा में तेरा समझौता नहीं होने दूंगा। चौकी प्रभारी कुकथला अनुज चौधरी ने बताया विगत रात दहेज एवं अन्य धाराओं में मुकद्मा दर्ज कर लिया गया है।आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## शीतला माता को पूजा

**बाह** एनएनआई। शीतला अष्टमी पर शनिवार और रविवार को बाह, के गांवों में शीतला माता की पूजा कर अपने दुख दर्द और बच्चों को रोग से छुटकारा पाने की प्रार्थना शीतला माता को बासी भोजन का भोग लगाकर की गई। बटेश्वर, जरार, फरैरा, भदरौली, जैतपुर, बासौनी, अभयपुरा, बाघराजपुरा, गुमानसिंह पुरा, चौरंगाहार, मढेपुरा, कोरथ, चित्राहाट, कचौराघाट क्षेत्र में शीतला सप्तमी को बासी भोजन घर-घर तैयार किया गया। शनिवार और रविवार को शीतला माता को भोग लगाया गया। इस दौरान गांवों में महिलाओं और बेटियों की टोलियां शोक हरी शंकरी भवानी, बाल प्राण रक्षी सुखदानी जैसे गीत गाते हुए घरों से माता के पूजन को निकली।

# जरार में बिजली चैकिंग, 8 के खिलाफ एफआईआर



**बाह** एनएनआई। जरार बिजली घर क्षेत्र के जरार और बिजकौली में बाह के एसडीओ विशाल भारद्वाज के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने बकाया बसूली के लिए चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान पूर्व में बकाये पर काटे गये 8 कनेक्शन के धारक चोरी से बिजली का उपभोग करते हुए मिले। जेई अजय कुमार ने कमला नगर के एण्टीथेफ्ट थाने में धारा 138बी के तहत मुकद्मा दर्ज कराया है। चैकिंग टीम में जेई के अलावा जितेन्द्र कुमार, परमानन्द, पवन, मनोज, श्याम सुन्दर, शिवम राठौर आदि रहे।

# पुलिस ने पांच चोरी की घटनाओं को किया सफल अनावरण

एनएनआई

**कासगंज।** अमांपुर पुलिस और एसओजी टीम ने जनपद में पांच चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकडे चोरों के कब्जे से चोरी की गयी मोटर साईकिल, सोने चांदी के आभूषण (कीमत करीब 05 लाख रुपए ), 21,000 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त टैम्पो एवं एक तमंचा, कारतूस सहितएक अदद आला नकब सब्बल बरामद किया है। वहीं पुलिस ने पकडे गये आरोपियों को संबधित धाराओं में जेल भेजने की कार्यवाही की है।

बतादें कि अमांपुर कोतवाली थाने में 02 फरवरी को एक बाइक चोरी होने का मामला



दर्ज कराया गया था। वहीं बीती 15 फरवरी की देर रात कस्बा अमांपुर से 03 बन्द मकानों में अज्ञात चोरों चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। चोर मकानों से सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी चुरा ले गये थे। वहीं सोरों कोतवाली क्षेत्र में भी बीती दो मार्च की रात्रि में परचून की दुकान व ग्राम फरीद नगर बरेली-मथुरा रोड़ से आटो पार्ट्स की दुकान में अज्ञात चोरों द्वारा की गयी।

जनपद में बढ रही चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसपी अंकिता शर्मा ने एसओजी, सर्विलांस व अमापुर कोतवाली की टीम गठित कर चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के निर्देश दिये थे, इसी के चलते एसओजी, सर्विलांस व अमापुर कोतवाली पुलिस ने बीती देर रात्रि में दो शातिर चोर सुखवीर पुत्र सुरेश निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना कासगंज व सनी कश्यप पुत्र हंसराज निवासी ग्राम गंगेश्वर कालोनी थाना कासगंज को अमांपुर-सिढ़पुरा रोड़ कब्रिस्तान के पास गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुसिल को गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से कस्बा अमांपुर से चोरी की गयी स्प्लैंडर मोटर साईकिल एवं चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त 01 टैम्पू व चोरी किये गये जेबरात (कीमत करीब 05 लाख रुपये ) व 21,000 रुपए नकद, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस व तीन मोबाइल फोन बरामद किये है।

वहीं एसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि पकडे गये चोरों ने थाना अमांपुर व थाना सोरों क्षेत्रान्तर्गत चोरी की घटना कारित किये जाने का जुर्म कबूल किया है, साथ ही बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। एसपी अंकिता शर्मा ने मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया है।

## संपादकीय

# बिहार में एनडीए की राह कठिन

लोकसभा चुनाव में जो बिहार बड़ी आसानी से भाजपा के हाथ में आ जाता है वह विधानसभा चुनाव में कैसे हाथ से फिसल जाता है यह बड़ा सवाल है।बिहार भारतीय जनता पार्टी के लिए अबूझ पहेली है।बिहार में एनडीए 2009 से लेकर 2024 तक चार चुनावों से बड़ी जीत हासिल कर रहा है। इसमें 2014 का चुनाव भाजपा ने बिना नीतीश कुमार के लड़ा था और तब भी उसने बड़ी जीत हासिल की थी।लेकिन 2015 के विधानसभा चुनाव में वही भाजपा और वही उसके सहयोगी सब फेल हो गए।जब 2025 के विधानसभा चुनाव को देखते हैं तो सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या नीतीश अब भी एनडीए की नाव पार लगा सकते हैं?इसके अलावा और भी कई सवाल हैं, जो नीतीश की पार्टी के भविष्य, चिराग पासवान के साथ नीतीश के संबंध और भाजपा व नीतीश के संबंधों से जुड़े हैं।इस सवाल पर विचार की जरुरत है कि क्या नीतीश अब भी एनडीए को चुनाव जिताने में सक्षम हैं या उनकी वजह से एनडीए के लिए रास्ता मुश्किल हो गया है? बिहार में नीतीश कुमार का चेहरा अब भी एनडीए की सबसे बड़ी पूंजी है। लेकिन उस पूंजी का लगातार क्षरण हो रहा है। इसका मुख्य कारण नीतीश स्वंय हैं। उनकी सेहत और उनके आचरण से उनके नेतृत्व करने की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं।सजग मतदाता यह देख रहे हैं कि नीतीश अब शारीरिक और मानसिक रूप से थके हुए हैं, पहले की तरह सक्षम नहीं हैं और इसका असर सरकार के कामकाज पर पड़ रहा है।नीतीश की नेतृत्व और प्रशासन संभालने की क्षमता सवालों के घेरे में है।उनके बारे में बन रही इस धारणा ने बिहार के मतदाताओं को विकल्प पर विचार करने के लिए बाध्य किया है।नीतीश खुद इस बात से परिचित हैं और इसलिए वे चाहते थे कि समय से पहले चुनाव हो जाए। लेकिन भाजपा इसे टालती रही है क्योंकि वह नीतीश के साथ शह मात का खेल खेल रही है। भाजपा को लग रहा है कि नीतीश कुमार अभी तक मोलभाव करने की स्थिति में हैं और अगर अभी चुनाव होता है तो उनकी पार्टी को ज्यादा सीटें देनी होंगी।अगर नीतीश की मानसिक व शारीरिक स्थिति और बिगड़ती है तो फिर उनकी पार्टी मोलभाव की स्थिति में नहीं रह जाएगी। यह भाजपा का दूर का दांव है, जो वह अपना मुख्यमंत्री बनाने की सोच में चल रही है।इसी सोच में अमित शाह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव के बाद होगा।इसी की काट में नीतीश के बेटे निशांत कुमार को लॉन्च किया जा रहा है। उनके रूप में जदयू को एक नेता मिल सकता है लेकिन इससे एनडीए के अंदर का अंतर्विरोध बढ़ जाएगा।एक तरफ नीतीश कुमार की सेहत और उनके 20 साल के शासन की एंटी इन्कम्बैंसी है तो दूसरी ओर भाजपा का यह दांव है कि नीतीश को सीएम चेहरा नहीं घोषित करना है।पहली बार ऐसा हो रहा है कि उनको सीएम का चेहरा बना कर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। इस वजह से भी बिहार के मतदाता विकल्प के बारे में सोच रहे हैं। एनडीए के लिए इसी वजह से स्थिति विकट हो रही है कि उसके पास कोई विकल्प नहीं है।नीतीश कुमार ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में अपना कोई उत्तराधिकारी या कोई विकल्प नहीं बनाया। इसी तरह भाजपा ने बिहार में कोई चेहरा तैयार नहीं किया।सुशील मोदी अब रहे नहीं वहीं सम्राट चौधरी पर आकर प्रयोग रूका हुआ है।फिर भी भाजपा ने सम्राट चौधरी को बिहार की एकछत्र बागडोर नहीं सौंपी। तब यह संदेश बनता कि चुनाव के बाद सम्राट मुख्यमंत्री होंगे।अब स्थिति यह है कि नीतीश मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं होंगे और दूसरा कोई चेहरा प्रोजेक्ट नहीं किया गया है। यानी बिना चेहरे के सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ने की तैयारी है।इसका एडवांटेज राजद के तेजस्वी यादव को मिल सकता है क्योंकि वे एक विकल्प के तौर पर पिछले 10 साल में स्थापित हुए हैं। उनके नेतृत्व में एक निरंतरता है। वो नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में उप मुख्यमंत्री बने। अब नेता प्रतिपक्ष हैं।पिछले दो चुनावों से उनकी पार्टी बिहार विधानसभा की सबसे बड़ी पार्टी बन रही है। इस निरंतरता ने उनको नीतीश के विकल्प के तौर पर स्थापित किया है।उनको इस वजह से भी एडवांटेज है कि वे पिछड़ी जाति से हैं, जिसकी आबादी बिहार में 63 फीसदी के करीब है और उस राजनीतिक धारा से आते हैं, जिसका पिछले 35 साल से राज है। जैसे लालू प्रसाद और राबड़ी देवी से बिहार का राज नीतीश को ट्रांसफर हुआ उसी तरह नीतीश से तेजस्वी को हो सकता है। यह ट्रांसफर बहुत सहज रूप से हो सकता है।अगर पिछड़ी जातियों को लग जाता है कि नीतीश अब नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं हैं और उनकी पार्टी या गठबंधन कोई दूसरा अच्छा विकल्प नहीं पेश कर पा रहा है तो वे तेजस्वी की ओर मुड़ सकते हैं।तर्क के लिए एनडीए के पक्ष में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बात कही जा सकती है क्योंकि मुस्लिम-यादव समीकरण 32 फीसदी का है, जिसमें इस बार कोई टूट नहीं होगी। ऊपर से पिछले लोकसभा चुनाव में दलित वोट का एक चौथाई हिस्सा महागठबंधन के साथ गया।मुकेश सहनी की वजह से कुछ मल्लाह वोट राजद के साथ जुड़ेगा। इसके अलावा एनडीए के अंतर्विरोध की वजह से कुशवाहा और पासवान ये दो वोट नीतीश की पार्टी के खिलाफ जा सकते हैं, इसका भी फायदा राजद को होगा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के निर्वाचित सदस्यों ने ली शपथ

एनएनआई

**आगरा/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की तीन साल के लिये गठित कमेटी में आगरा से निर्वाचित सदस्यों ने लखनऊ के अटल कन्वेंशन में रविवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अपने पदों की शपथ ली।



आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संदीप गुप्ता ने उपाध्यक्ष, राजेश अग्रवाल ने मंत्री, कन्हैयालाल राठौड़ ने संगठन मंत्री पद की शपथ ली। राजीव गुप्ता व योगेश रखवानी ने परदेश की युवा ईकाई में मंत्री पद की शपथ ली। अधिवेशन में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, ऑल इंडिया व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघवी, मंत्री असीम अरुण एवं व्यापार मंडल के विभिन्न क्षेत्रों के एमएलए, एमएलसी, राज्यसभा सांसद साधना सिंह, मेयर, ग्राम पंचायत अध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति थी। रामनाथ कोविंद ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से बहुत पुराना संबंध है। पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय आदरणीय श्याम बिहारी मिश्रा के साथ मुझे संसद में उनके साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने एक देश एक चुनाव की बात विस्तार से रखी। उन्होंने बताया कि एक देश एक चुनाव करने से लाखों करोड़ों रुपए की सरकारी बचत होगी तथा व्यापारियों का समय बर्बाद नहीं होगा।


सम्मेलन को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक तथा व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने भी संबोधन किया। आगरा से 50 से अधिक लोगों के प्रतिनिधिमंडल में आगरा व्यापार मंडल के महामंत्री अशोक मंगवानी, राकेश बंसल, बृजमोहन रायपुरिया, दुष्यंत गर्ग, मनीष बंसल, राजेंद्र गुप्ता, देवेंद्र अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, ने सम्मेलन में भाग लिया। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष टीएन अग्रवाल ने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना भारत के करोड़ों लोगों को मिल रही है। लेकिन व्यापारी इस योजना से बंचित है। कर के रूप में सरकार को प्राप्त यह पैसा व्यापारी का ही है। उन्होने प्रधानमंत्री से भेंट कर आयकर दाताओं व पैन कार्ड धारकों को इस योजना से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। उन्होनें एमएलए व एमपी के अनुरूप विदेश की तरह भारत में भी व्यापारियों को भी इस योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए।




## स्वच्छता की दिलाई शपथ

**आगरा एनएनआई।** जल विहार सेवा समिति के बैनर तले खंदारी चौराह पर पर आम जनता को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नितिन जौहरी ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। विकास यादव, रोहित सिंह, प्रशांत यादव, अभिषेक ने लोगों से बातचीत कर स्वच्छ भारत अभियान में भागीदारी को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्षद निशांत सिंह (कन्नू भाई) और नगर निगम की टीम का आभार।

## डॉ. दीपेंद्र चाहर चुने गए बीएमएस के महामंत्री



**आगरा एनएनआई।** आर्कोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया वर्कर्स यूनियन सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन दिल्ली में संपन्न हुआ। त्रिपेन सिंह (हरियाणा) को अखिल भारतीय अध्यक्ष व डॉ दीपेन्द्र चाहर (दिल्ली) को अखिल भारतीय महामंत्री चुना गया। अधिवेशन में 21 प्रांतों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन में 10 वर्षों से कार्य कर रहे है। सभी अस्थाई कर्मचारियों को स्थाई किए जाने के प्रस्ताव के साथ टीएस/सीएल से स्थाई हुए सभी कर्मचारियों को एमएसीपी देने के प्रस्ताव तथा नागपुर व देहरादून मंडल में 6 वे वेतन आयोग के एरियर को दिलवाने हेतु प्रस्ताव पास हुए। यूनियन 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक देश व्यापी जन जागरण अभियान चला रही है तथा 30 अप्रैल 2025 को मंडल अधीक्षक के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय हुआ।

## विद्युत लोको ट्रिप शेड निजामुद्दीन का मंडल रेल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

**आगरा एनएनआई।** मंडल में गाड़ियों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के क्रम में विद्युत लोको ट्रिप शेड निजामुद्दीन का मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा निरीक्षण किया गया। आगरा मंडल में परिचालन क्षमता में वृद्धि के क्रम में नए अवसंरचना निर्माण कार्य निरंतर जारी है। निजामुद्दीन ट्रिप शेड में रेलवे विद्युत इंजन का अनुरक्षण किया जाता है। आगरा मंडल में तीन ट्रिप शेड है जिसमें नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन व आगरा कैंट स्टेशन पर स्थापित है' निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल इंजनों एवं ईएमयू की विश्वसनीयता बढ़ाने पर जोर दिया। इसके साथ ही शेड की कार्यकुशलता बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। कार्यस्थल के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंडल रेल प्रबंधक ने अनुरक्षण कार्य में लगे हुए कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक को विभिन्न अनुरक्षण गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान मंडल के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## 35 रक्त वीरों ने किया रक्तदान



**मथुरा एनएनआई।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) एवं नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट (निफा) के संयुक्त तत्वाधान में बलिदान दिवस के अंतर्गत विशाल रक्तदान सेवा शिविर का आयोजन किया गया। संपूर्ण भारत में 150,000 यूनिट ब्लड डोनेट करके विश्व रिकार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सकराया में इस रक्तदान शिविर का उदघाटन रनवीर सिंह चौधरी जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद द्वारा फीता काटकर किया गया। इसमें 35 रक्तवीरों द्वारा रक्तदान किया गया। सोनिया ठाकुर व रूप सिंह नागर के संरक्षण में कैंप कोर्डिनेटर सुदर्शन दुआ,करण बांगा,अमित बांगा,शिल्पा कपूर, दीपक नरूला द्वारा बहुत ही सुचारू रूप से इस आयोजन को अंजाम दिया गया। इस शिविर के आयोजन में रोटरी ब्लड बैंक मथुरा के डॉ.अज्जू अग्निहोत्री, सचिन शर्मा,सत्येंद्र शर्मा व ब्लड बैंक के स्टाफ का विशेष योगदान रहा। रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपनी आवाज की जादूगरी बिखेरने को तैयार अरिजीत सिंह



मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह अपनी दिल छूने वाली आवाज के लिए पूरे देश में लोकप्रिय हैं। अब वह एक बार फिर अपने फैंस के बीच अपनी आवाज का जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। अरिजीत सिंह का नया संगीत प्रोजेक्ट जल्द ही सामने आने वाला है, जिससे उनके फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। उनकी आवाज का हर नोट दिल को छूने वाला होता है, और अब वह अपने अगले संगीत एल्बम या परफॉर्मेंस के साथ संगीत प्रेमियों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। अरिजीत सिंह की आवाज ने हमेशा ही बॉलीवुड के सबसे बड़े हिट गानों को अपनी पहचान दी है। उनके गाए गाने जैसे "तुम ही हो," "चन्ना मेरेया," और "रॉकेट सिंग" जैसे हिट गाने दर्शकों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना चुके हैं। उनके गाने हर मूड को बेहतरीन तरीके से व्यक्त करते हैं और उनकी आवाज में वो गहराई होती है, जो किसी भी गीत को अद्वितीय बना देती है। अरिजीत सिंह के फैंस को उनकी आने वाली परियोजना के बारे में बेताबी से इंतजार है। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी अभी तक नहीं दी गई है, लेकिन उनके प्रशंसकों को पूरी उम्मीद है कि यह उनका सबसे बेहतरीन काम होगा। अरिजीत अपनी आवाज के साथ-साथ अपनी संगीत की विशेष शैली को भी बखूबी प्रस्तुत करते हैं, जो उन्हें बाकी गायकों से अलग बनाता है।

# शालिनी पांडे

## ने एक साउथ डायरेक्टर के साथ अपने परेशान करने वाले अनुभव के बारे में बताया



अर्जुन रेड्डी (2017) में डॉ. प्रीति शेट्टी की भूमिका के लिए मशहूर अभिनेत्री शालिनी पांडे ने हाल ही में इंडस्ट्री में अपने शुरूआती संघर्षों के बारे में एक चौंकाने वाला खुलासा किया। हालाँकि बाद में उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा- उनकी आखिरी तेलुगु फिल्म निशब्दम (2022) थी- डब्बा कार्टेल के प्रचार के दौरान उनके नवीनतम कबूलनामे ने प्रशंसकों को चौंका दिया है। एक स्पष्ट साक्षात्कार में, शालिनी ने अपने करियर की शुरूआत से एक परेशान करने वाला अनुभव साझा किया। एक दक्षिण फिल्म पर काम करते समय, मेरा एक निर्देशक से असहज सामना हुआ। एक दिन, जब मैं अपने कारवां में कपड़े बदल रही थी, तो वह अचानक मेरी सहमति के बिना अंदर घुस आया। मैं गुस्से में थी और उस पर चिल्लाई, जिसके बाद वह चला गया, उसने खुलासा किया। हालांकि, समर्थन प्राप्त करने के बजाय, उसे चुप रहने की सलाह दी गई। घटना पर विचार करते हुए उन्होंने कहा, लोगों ने मुझसे कहा कि मुझे उस तरह से प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए थी, लेकिन मुझे पता था कि मैंने सही काम किया है। उनके बयान ने अब ऑनलाइन तूफान खड़ा कर दिया है, जिसमें प्रशंसक और मीडिया अनाम निर्देशक के बारे में अटकलें लगा रहे हैं। चूंकि उनका करियर संदीप रेड्डी वांगा (अर्जुन रेड्डी), कृष (एनटीआर कथानायकुडु), चंद्रमौली (100% कधल) और जीआर कृष्णा (इद्दारी लोकम ओक्काटे) जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ शुरू हुआ था, इसलिए कई लोग सवाल कर रहे हैं कि वह किसका जिक्र कर रही थीं। वह नाम बताना चाहती हैं या नहीं, यह रहस्य बना हुआ है, लेकिन खुलकर बोलने की उनकी हिम्मत पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां तक उनके करियर की बात है, शालिनी अब तमिल सिनेमा पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं, जिसमें धनुष के साथ उनकी अगली परियोजना इडली कडाई है। उनका खुलासा फिल्म उद्योग में छिपी चुनौतियों और उनके खिलाफ खड़े होने के लिए आवश्यक ताकत पर प्रकाश डालता है।



# सलमान खान ने 'सिकंदर' के लिए की कड़ी मेहनत

## पसलियों में चोट के बावजूद 14 घंटे किया काम

सलमान खान इस ईद पर 'सिकंदर' के साथ सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित उनकी अपकमिंग फिल्म, 'सिकंदर', 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। पॉलिटिकल थ्रिलर का ग्रैंड ट्रेलर मुंबई में रिलीज किया गया था। सिकंदर मुरुगादॉस का सलमान के साथ पहला कोलैबोरेशन भी है। वहीं इवेंट के दौरान सलमान खान ने फिल्म में अपने काम करने के एक्सपीरियंस के बारे में भी खुलासा किया।

### सलमान खान का 'सिकंदर' में काम करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा?

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में, बॉलीवुड सुपरस्टार ने 'सिकंदर' के सेट पर काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात की। खान ने यह बताने के लिए एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया कि कैसे मुरुगादॉस ने उन्हें अपना बेस्ट परफॉर्मेंस करने के लिए लगातार इंस्पायर किया, खासकर एक्शन सीन में। सलमान ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने सिकंदर के लिए सुबह-सुबह शूटिंग की थी। इतना ही नहीं, सलमान खान पसलियों की बड़ी चोट से उबरने के दौरान भी 14 घंटे के शूट शेड्यूल के लिए कमिटेड थे। उन्होंने चोट के बावजूद कुछ दिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक शूटिंग की थी। सलमान खान ने खुलासा किया, मुरुगादोस मुझे एक्शन सीन में भी आगे बढ़ाते रहे।

### आउट ऑफ शेप फोटोज को लेकर क्या बोले सलमान

इस बीच, सलमान खान की कुछ आउट ऑफ शेप दिखने वाली तस्वीरें वायरल होने के बाद, फैंस को उनकी फिटनेस की भी चिंता हो रही थी, इसे लेकर एक्टर ने कहा कि यह सिर्फ नींद की कमी के कारण था और इससे ज्यादा कुछ नहीं। उन्होंने कहा कभी 5-6 दिन से सोते नहीं तो लोग फोटो डाल के बोल देते हैं। लेकिन मैं उन्हें दिखाना चाहता था कि अभी भी है।

### ईद पर रिलीज हो रही है 'सिकंदर'

रश्मिका मंदाना और सत्यराज अभिनीत, सिकंदर अगले रविवार (30 मार्च) को ईद-उल-फितर समारोह के साथ बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में एस। थिरुनावुकारसु की शानदार सिनेमैटोग्राफी है, जबकि विवेक हर्षन ने एडिटिंग का काम संभाला है। प्रीतम ने साउंडट्रैक कंपोज किया है, जिसमें समीर के बोल हैं, जबकि बैकग्राउंड स्कोर साउथ इंडियन कंपोजर संतोष नारायणन द्वारा तैयार किया गया है।




# चेन्नई ने मुंबई को 4 विकेट से हराया

## मुंबई की पहले मैच में हार की परंपरा जारी

**चेन्नई।** आईपीएल 2025 के तीसरे मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स





(सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 4 विकेट से हरा दिया। मुंबई की यह लगातार 13वें सीजन में पहले मैच में हार है। टीम को आखिरी बार 2012 में अपने ओपनिंग मुकाबले में जीत नसीब हुई थी। रचिन-गायकवाड़ की क्लास बैटिंग, नूर का कहर

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में उरछ ने 156 रनों का लक्ष्य 19.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (53) और रचिन रवींद्र (नाबाद 65) ने शानदार अर्धशतक जड़े। रवींद्र जडेजा ने 17 रनों का अहम योगदान दिया। मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू कर रहे विग्नेश पुथुर ने 3 विकेट झटके, जबकि दीपक चाहर और विल जैक्स ने एक-एक विकेट लिया।

### मुंबई की बैटिंग लड़खड़ाई, नूर बने विनिंग फैक्टर

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 155 रन बनाए। तिलक वर्मा (31), कप्तान सूर्यकुमार यादव (29) और दीपक चाहर (नाबाद 28) ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने की कोशिश की। सीएसके के गेंदबाजों में नूर अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट चटकाए, जबकि खलील अहमद ने 3 विकेट लिए। उनके दमदार प्रदर्शन के लिए नूर अहमद को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

### मुंबई की ओपनिंग हार का सिलसिला बरकरार

मुंबई इंडियंस पिछले 13 सीजन से लगातार अपना पहला मैच हार रही है। 2012 में राजस्थान के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद से टकने कभी अपने पहले मैच में जीत का स्वाद नहीं चखा।

## सनराइजर्स हैदराबाद ने तोड़ डाला वर्ल्ड रिकॉर्ड

# ईशान किशन ने लगाया शतक




नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया, जिसमें हैदराबाद की टीम ने 44 रनों से मैच जीत लिया। इस मैच में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने ऐसी बैटिंग की, जिसकी मिशाल बहुत ही कम देखने को मिलती है। राजस्थान के गेंदबाज मैच में बिल्कुल बेअसर साबित हुए और अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। एसआरएच के बल्लेबाजों ने मैच में रनों की बरसात कर दी और टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 286 रन बनाए। इसी के साथ सनराइजर्स हैदराबाद पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 250 प्लस रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। हैदराबाद की टीम ने किया कमाल सनराइजर्स हैदराबाद की टीम अभी तक टी20 क्रिकेट के चार मैचों में 250 प्लस रनों का स्कोर बना चुकी है। जबकि सरे क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 क्रिकेट के तीन-तीन मैचों में 250 प्लस रनों का स्कोर बनाया था। अब एसआरएच ने सरे और भारतीय क्रिकेट टीम का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है और खुद पहले नंबर पर पहुंच गई है।

### ईशान किशन ने लगाया शतक

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों ने पारी की शुरूआत से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने पहले विकेट के लिए 45 रनों की साझेदारी की। इन दोनों ने ही रफ्ल के बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। हेड ने सिर्फ 31 गेंदों में ही 67 रन बनाए। दूसरी तरफ अभिषेक ने 11 गेंदों में 24 रनों का योगदान दिया। इसके बाद तीसरे नंबर पर उतरे ईशान किशन बिल्कुल अलग ही मूड में नजर आए। उन्होंने मैदान के हर कोने में स्ट्रोक लगाए और 47 गेंदों में 106 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उन्होंने राजस्थान के गेंदबाजों की जमकर बखिया उधेड़ी। बाद में नीतिश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन ने भी तेजी के साथ रन बनाए। रेड्डी ने 15 गेंद में 30 रन और क्लासेन ने 14 गेंदों में 34 रन बनाए। इन प्लेयर्स की बदौलत ही हैदराबाद की टीम हिमालय जितना बड़ा स्कोर खड़ाकर पाई।

### पिछले सीजन किया था शानदार प्रदर्शन

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने आईपीएल 2024 में कमाल का प्रदर्शन किया था। पिछले सीजन रफ्ल ने आरसीबी के खिलाफ आईपीएल मैच में 287 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 277 रन, दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में 266 रन बनाए थे और अब इस सीजन के अपने पहले ही मैच में 286 रन ठोक दिए। इस तरह से टीम अभी तक चार टी20 मैचों में 250 प्लस का स्कोर बना चुकी है।

## सोमवार, 24 मार्च राशिफल

मेष राशि के जातक आज प्रॉपर्टी से जुड़ा निवेश कर सकते हैं। अहम निर्णय लेने से पहले किसी विशेषज्ञ या अनुभवी व्यक्ति की सलाह से आप अच्छा फायदा हासिल कर सकते हैं। कारोबार में कोई परेशानी चल रही है तो भाई या करीबी मित्र की सलाह ले सकते हैं। इससे आपकी समस्या जल्दी सुलझ सकती है।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीकठाक रहने वाला है। आज आपको मेहनत का लाभ जरूर मिलेगा। पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्यों को पूरा करने में जुटे रहें, अच्छा धन लाभ होने के आसार हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते अच्छे रहेंगे, लेकिन बच्चों को लेकर कोई चिंता सता सकती है।

मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साह बढ़ाने वाला रहने वाला है। आज आप कोई भी नया कदम उठाने से पहले उसके परिणामों के बारे में सोच-विचार कर लें। वरना गलत फैसलों की वजह से आपको भविष्य में पछताना पड़ेगा। आप कार्यक्षेत्र में प्रगति करेंगे।

कर्क राशि के जातक आज भविष्य की योजनाओं को लेकर व्यस्त रहेंगे। आज आप कई अहम कार्यों को पूरा करेंगे। बच्चों की पढ़ाई के लिए निवेश करने का मन बना रहे हैं तो अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले सकते है। आज विद्यार्थी वर्ग को मनचाहा परिणाम मिल सकता है। शाम के समय अपने मित्रों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं।

सिंह राशि के जातकों के मान-सम्मान में इजाफा होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। रोजगार की तलाश में जुटे जातकों को आज परिवार के किसी सदस्य की सहायता से अच्छा मौका मिल सकता है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप नया वाहन खरीदने की सोच रहे हैं तो थोड़ा इंतजार कर सकते हैं। आज आपको करियर में बड़ी सफलता हासिल हो सकती है। सेहत पर ध्यान देने की आवश्यकता है, वरना भविष्य में आपको नई परेशानियों से दो-चार होना पड़ेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपको कम मेहनत में ज्यादा फायदा मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। लंबे समय से अटका हुआ धन वापस मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे।

वृश्चिक राशि के जातक आज परिवार के साथ समय बिता पाएंगे। आज आप शाम को बच्चों और जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। यात्रा के दौरान अपने सामान और सुरक्षा का खास ध्यान रखें। रोजमर्रा की जरूरतों पर आपका खर्च हो सकता है। आज कारोबार के लिहाज से दिन सामान्य रहने वाला है। प्रेमी जीवन जी रहे जातक अपने पार्टनर को परिवार से मिलवा सकते हैं।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज कारोबार में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक रूप से भी आपको संघर्ष करना पड़ सकता है। आज परिवार में धैर्यपूर्वक व्यवहार करें। जीवनसाथी के साथ पुरानी बातों पर बहस न करें, वरना आपको मानसिक अशांति झेलनी पड़ेगी।

मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप अपनी मेहनत और ईमानदारी के दम पर उच्च अधिकारियों से सराहना हासिल करेंगे। आज वेतन वृद्धि का लाभ हासिल हो सकता है। आज आपको अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहना होगा। किसी तरह की दिक्कत होने पर डॉक्टर से सलाह लें।

कुंभ राशि के जातकों को आज गुप्त स्रोतों से धन की प्राप्ति हो सकती है। आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। घर पर किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर चर्चा हो सकती है। आज आप प्रसन्नचित्त रहेंगे। संपत्ति में निवेश करने का मन बना रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है।

मीन राशि के जातकों को आज अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा, सफलता की खुशी में आपकी थकान दूर हो जाएगी। परिवार में किसी सदस्य के साथ मनमुटाव चल रहा था तो वो आज खत्म हो जाएगा। संतान की तरफ से आपको खुशखबरी मिल सकती है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा।

Gmail newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# देश की जलवायु, मिट्टी खाद्य तेलों के लिए सर्वश्रेष्ठ: ओम बिरला

## सिने अभिनेत्री अमीषा पटेल ने किया उद्यमियों को सम्मानित

एनएनआई

**आगरा।** विश्व मंच पर भारत के खाद्य तेलों की विशेषता को सामने लाने के लिए एकजुट होकर प्रयास किसान और उद्यमी करें। सरकार आपका पूरा सहयोग करेगी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आगरा की धरती से देश के तेल उद्यमियों और किसानों को ये संदेश दिया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जितनी उपभोक्ताओं की आवश्यकता है, उसके मुकाबले हमारे देश में खाद्य तेल का उत्पादन कम होता है, इसलिए हमें तेल का आयात करना पड़ता है। भारत की जलवायु, भारत की मिट्टी, भारत का पानी खाद्य तेलों के लिए सर्वश्रेष्ठ है। आवश्यकता है तो इसे वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने की। इसके लिए हमें रिसर्च करनी होंगी, उनको दुनिया के सामने लाना होगा। इससे हमारा बाजार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि संगठित होकर प्लान तैयार करें सरकार भरपूर सहयोग करेगी।






कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्र राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर, मेयर हेमलता दिवाकर, एमएलसी विजय शिवहरे, राष्ट्रीय संयोजक दिनेश राठौड़, कुईट अध्यक्ष सुरेश नागपाल, महेश राठौड़, यूपीओमा अध्यक्ष अजय गुप्ता, मोपा अध्यक्ष बाबू लाल डाटा, यश अग्रवाल, भरत भगत, कुमार कृष्ण गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। यूपीओमा अध्यक्ष अजय गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। राष्ट्रीय संयोजक दिनेश राठौड़ ने सरसों तेल उत्पादन एवं उद्योग की चुनौतियों की ओर मंच का ध्यान आकर्षित किया। संचालन सचिव मनीष अग्रवाल ने किया। सेमिनार का समापन सम्मान समारोह के साथ हुआ। सिने अभिनेत्री अमीषा पटेल ने देशभर से आए उद्यमियों एवं व्यापारियों को सम्मानित किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने कहा कि ये विडंबना है कि भारत पूरी दुनिया में अन्नदाता के रूप में जाना जाता है वहां खाद्य तेल का आयात किया जाता है। सांसद और भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने किसानों की समस्या को सेमिनार में उठाया। बोले सरसों का एमएसपी तय होना चाहिए। जिससे किसानों को सरसों का सही मूल्य मिल सके। सत्र में घोषणा की गई कि संगठन एकजुट होकर एक संदेश के साथ बिना किसी नाम के सरसों तेल का प्रचार करेगा। इन सत्रों में डॉ. ममता बंसल, अंशु मलिक, प्रीतीश रोहन, संजीव अस्थाना, सीए आरके जैन, एसके सिंह, ऋषि अग्रवाल, अजय झुनझुनवाला, दीपक डाटा, पियूष, संजीव अग्रवाल, महेश राठौड़, डॉ. बीबी मेहता, शैलेश बलदेव, नागराज मेडा, मनीष अग्रवाल रावी मंचासीन रहे। इस मौके पर सेमिनार में विनोद राजपूत, अनिल छतर, अजय झुनझुनवाला, गजेंद्र झा, महेश गोयल, सुनील गोयल, एसके जैन, दीपक गुप्ता, महेश राठौड़, राकेश गुप्ता, मधुकर गुप्ता, वासु पंजवानी, नरेश करीरा, रमन जैन, जयराम, रामप्रकाश राठौड़, जोनू गुप्ता, राघव गुप्ता, संजोग गुप्ता, राजीव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रबंधन संदीप उपाध्याय एवं सागर तोमर ने किया।

## भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव मना, निकाली रथयात्रा

एनएनआई

**आगरा।** आर्यिकारत्नश्री पूर्णमति माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म-तप कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आगरा जैन समाज के प्रमुख हीरालाल बैनाड़ा एवं बीना बैनाड़ा परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। भक्तों ने श्रीजी की प्रतिमा को रथ पर विराजमान कर बैंड बाजों के साथ विशाल रथयात्रा निकाली। रथयात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि उच्च



शिक्षा एवं कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय एवं आलोक उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर किया। यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर पुलिस लाइन रोड, साई की तकिया, छीपीटोला चौराहा, धाकरान चौराहा, नाई की मंडी, सुभाष पार्क होते हुए वापस नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी जैन मंदिर पहुंचीं जहां सौभाग्यशाली भक्तों द्वारा गुरुमां एव बाल ब्रह्मचारी अविनाश भैया के सानिध्य में भगवान आदिनाथ का महामस्तकाभिषेक किया। इस अवसर पर राजेश जैन सेठी, अशोक जैन, निर्मल मोठया, हीरालाल बैनाड़ा, पन्नालाल बैनाड़ा, जगदीशप्रसाद जैन सुनील जैन ठेकेदार,राकेश जैन, मनोज जैन बाकलीवाल, अखिल जैन, अजय जैन, अनिल जैन, सौरभ जैन, संजू जैन, राजकुमार गुड्डू, मीडिया प्रभारी शुभम जैन समस्त नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी एवं आगरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## टीबी हराने के लिए सभी की भागीदारी जरूरी: डॉ. गजेंद्र विक्रम

आगरा (एनएनआई)। विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर एसएन मेडिकल कॉलेज के क्षय रोग विभाग में स्टेट टीबी टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को रेखांकित किया। विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस पर डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि भारत विश्व में टीबी से सर्वाधिक प्रभावित देशों में से एक है और इसे जड़ से खत्म करने के लिए सभी हितधारकों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में टीबी अब भी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। टीबी और कुपोषण का गहरा संबंध है। 60% से अधिक टीबी रोगी कुपोषण से पीड़ित होते हैं। निजी क्षेत्र में इलाज लेने वाले मरीजों का डेटा समुचित रूप से दर्ज नहीं होता, जिससे टीबी नियंत्रण में बाधा आती है। डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि टीबी को हराने के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।




## सद्भावना पार्क में शिविर, 168 यूनिट रक्त का किया संचय



आगरा (एनएनआई)। सद्भावना पार्क सेवा समिति की ओर से लोकहितम ब्लड बैंक के अंतर्गत कमला नगर स्थित सद्भावना पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राकेश गर्ग, समाजसेवी रवि प्रकाश अग्रवाल, संस्था संरक्षक हरीश चंद अग्रवाल और अनिल गोयल ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्ष मुरारी प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। शिविर में 168 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया। संयोजक नीरज अग्रवाल ने बताया कि लोगों को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। धन्यवाद रोहित अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर विनोद गर्ग, सुरेश मांगलिक, दीनदयाल, भगवान दास (हैप्पी), पवन अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, ममता सिंघल, पूजा जैन, सोनिया, आरती, चारु, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

